दैनिक
न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-
खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, गुरूवार 3 जनवरी 2019
www.nyaysakshi.com


## संपादकीय

# निर्मम शिकारी

काले हिरणों के अवैध शिकार के मामले में फिल्म अभिनेता सलमान खान को लेकर अखबारी सुर्खियां अभी सूखी भी नहीं थीं कि यूपी के सरयू घाघरा नदी प्रवाह क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय गोल्फर ज्योति रंधावा के अवैध शिकार की खबरें सामने आ गईं। ज्योति रंधावा और उनके साथ पूर्व नेवी अधिकारी की अवैध शिकार के मामले में गिरफ्तारी की खबर से यही लगता है कि इस बाबत जन जागरूकता में काफी कसर रह गई है। पहले से ही दागदार नेवी अधिकारी के पास से 80 कारतूस, एक दूरबीन, राइफल और वन्य जीवों के शिकार के कई और प्रमाण मिले हैं। कठोर वानिकी नियमों और वन्यजीव संरक्षण के बावजूद इतने लंबे-चौड़े विस्तृत जंगलों की चौकीदारी कर पाना काफी मुश्किल है। यहां के जंगल भी काफी विस्तृत हैं और इतने विस्तृत वनों में विभिन्न प्रकार के जानवर और पक्षी पाए जाते हैं जो कि हमेशा अवैध शिकार करने वाले शिकारियों की निगाहों में चढ़े रहते हैं। हाथी, तेंदुए, गेंडे और इनके अतिरिक्त प्रवासी चिड़िया भी इन शिकारियों की अपेक्षित लक्ष्य होती हैं। हाथी दांत, गैंडों के सींग आदि चीजों की तस्करी काफी ज्यादा होती है।

प्रवासी पक्षियों में फ्लैमिंगो पेलिकंस और विशेषतः अमूर फॉल्कन लगातार अवैध शिकार बनते हैं। वर्ष 2017 में ओलंपिक शूटर और अर्जुन अवार्ड विजेता गुरबीर सिंह संधू के पास से जंगली भालू के दांत पाए गए थे। जंगली जानवरों के शिकार का शौक करने वाला जमाना अब जा चुका है। हमें आवश्यकता है कि हम इन्हें सुरक्षित रखें क्योंकि प्राकृतिक संतुलन के लिए यह अत्यावश्यक है। सरकार को भी इस तरफ काफी ध्यान देना होगा और वन सुरक्षा के लिए आधुनिक तकनीकों का प्रयोग करते हुए वन्य अधिकारियों और जंगलों को इनसे सुसज्जित करना होगा। साथ ही जंगलों के आसपास रहने वाले लोगों को जाग्रत और सुशिक्षित करना होगा कि जब तक ये वन्यजीव और जंगल मौजूद हैं तभी तक मनुष्यों का अस्तित्व भी मौजूद है। वन्य जीवन के विनाश के साथ ही प्राकृतिक असंतुलन शुरू हो जाएगा जो कि मानव के लिए बहुत ही नुकसानदेह होगा।

# फरवरी में समीक्षा कर सरकार बताएगी कौन कौन से शहर कितने हुए स्मार्ट

नई दिल्ली। देश में सौ शहरों को स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत विकसित करने के लिए अब तक एक लाख करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजनाओं पर हो रहे काम की आगामी फरवरी में समीक्षा कर सरकार बताएगी कि कितने शहरों को किस हद तक स्मार्ट बनाया जा सका. आवास एवं शहरी विकास मामलों का मंत्रालय फरवरी में स्मार्ट सिटी परियोजना में चयनित सौ शहरों में चल रहे काम की दूसरे दौर की समीक्षा फरवरी में करेगा.आवास एवं शहरी विकास सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा ने मंगलवार को बताया कि स्मार्ट सिटी परियोजना के कार्यान्वयन के लिये गठित विशेष निकाय (एसपीवी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) की बैठक फरवरी में बुलाई है. उन्होंने बताया कि




बैठक का स्थान जल्द ही तय कर लिया जाएगा. उल्लेखनीय है कि एसपीवी के सीईओ की पहली समीक्षा बैठक मई 2018 में भोपाल में हुई थी.

'चयनित शहरों में परियोजना का आधारभूत ढांचा खड़ा हुआ'

मिश्रा ने अब तक एक भी स्मार्ट सिटी सतह पर नहीं दिखने के सवालों को नकारते हुये संवाददाताओं को बताया कि पिछले साढे तीन साल में सभी चयनित शहरों में परियोजना का आधारभूत ढांचा खड़ा हो गया है. उन्होंने बताया कि स्मार्ट शहरों का चयन और एसपीवी के गठन जैसे सर्वाधिक समय लेने वाले काम हो चुके हैं.सचिव ने कहा कि शहर को स्मार्ट सड़क जैसी अत्याधुनिक तकनीक पर आधारित नागरिक सेवाओं को मुहैया कराने के लिये भोपाल, सूरत और इंदौर सहित 13 शहरों में इंटीग्रेटिड कमांड एंड कंट्रोल केन्द्र कार्यरत हो चुके हैं. इसका नतीजा है कि 15 शहरों में स्मार्ट सड़क, दस शहरों में स्मार्ट सौर ऊर्जा प्रणाली, 18 शहरों में पानी की बर्बादी रोकने के लिये सेंसर आधारित स्मार्ट वॉटर सप्लाई तंत्र और चार शहरों में स्मार्ट सीवर तंत्र कार्यरत हो चुका है.

'पूर्वोत्तर राज्यों में भी गति दिखने लगी है'

मिश्रा ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों में भी चयनित दस स्मार्ट शहरों में काम की गति अब दिखने लगी है. इनमें अगरतला और गुवाहाटी में एसपीवी बन गया है. पूर्वोत्तर राज्यों में स्मार्ट सिटी के लिये चयनित सिक्किम के नामची शहर के काम को सर्वश्रेष्ठ बताते हुये मिश्रा ने कहा कि पूर्वोत्तर के सभी दस शहरों के एसपीवी के सीईओ को नामची का दौरा करने को कहा गया है. जिससे अन्य शहरों में भी इसके अनुरूप काम को आगे बढ़ाया जा सके.

# मात्र 37,625 रुपए में हीरो दे रहा है अपनी बेहतरीन बाइक




नई दिल्ली। जैसा की दोस्तों आप सभी भारतीय ऑटो मार्केट में फैमस HERO कम्पनी को तो जानते ही होंगे. आपको बता दू की इस कम्पनी ने अपनी बेहतरीन बाइको से पुरे मार्केट में तहलका मचा रखा है. ऐसे आज हम इस कम्पनी की जल्द आने वाली हीरो HF Dawn बाइक के बारे में. हीरो HF Dawn की एक्स-शोरूम कीमत 37,625 रूपये रखी गई है. हीरो HF Dawn पर 97.2 सीसी का इंजन लगाया गया है जो अधिकतम 8000 आरपीएम पर 8.2 बीचपी की ताकत और 5000 आरपीएम पर 8.05 एनएम का टॉर्क उत्पन्न करती है. बाइक को संचालित करने के लिए इसमें 4 गियर बॉक्स दिए गए है. जो बाइक को 90 kmph की स्पीड की गति प्रदान करती है. इस बाइक के माइलेज की बात करे तो, कम्पनी के मुताबिक यह बाइक एक लीटर के पेट्रोल में 72 किलोमीटर तक का सफर तय कर सकती है.बाइक की लुक की बात करे तो इसमें आगे की ओर राउंड शेप हेड लाइट दी गई है. वही आपको स्टाइलिश इंडिगेटर भी देखने को मिलेगा. गाड़ी पर एनालॉग सप्पड़ मिटर लगाया गया है. गाड़ी की खाश बात यह है की इसकी सीट को लम्बी रखी गई है. वही इसके बैक लुक देखे तो गाड़ी की टेल लाइट की लुक सिंपल रखी गई. गाड़ी पर पीछे की तरफ छोटा सा केरियल भी दिया गया है.

# नए साल में व्यापारियों ने की 'दोस्ताना जीएसटी' की मांग

नई दिल्ली। नए साल में व्यापारी समुदाय ने मंगलवार को देश में 'दोस्ताना जीएसटी' (वस्तु एवं सेवा कर) की मांग की है और कहा है कि सात करोड़ छोटे कारोबारियों में से आधे अप्रत्यक्ष कर शासन तहत लाए जा सकते हैं, अगर इसकी प्रक्रियाओं को सरल बना दिया जाए। कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) की कार्यकारी समिति के प्रमुख सदस्य और इसकी पश्चिम बंगाल चेप्टर के महासचिव राजा रॉय ने कहा, अगर जीएसटी को सरल बनाया जाता है और कारोबारियों को बेवजह प्रताड़ित नहीं किया जाता है, तो इससे जीएसटी के प्रति व्यापारी समुदाय में भरोसा जगेगा और ज्यादा से ज्यादा लोग औपचारिक अर्थव्यवस्था के अंतर्गत आएंगे।




उन्होंने कहा, देश में करीब 7 करोड़ छोटे व्यापारी हैं और इनमें से करीब आधे जीएसटी के तहत लाए जा सकते हैं, अगर व्यापारी के प्रति दोस्तान कर शासन हो। व्यापारियों ने कहा कि व्यापार समुदाय 2019 में एक निरंतर, सरलीकृत और तर्कसंगत जीएसटी की उम्मीद करता है और अगर केंद्र और राज्य दोनों सरकारों का ध्यान व्यापारियों की वास्तविक कठिनाइयों को कम करने पर है(

# सोने और चांदी की कीमतों में उछाल

नई दिल्ली। नए साल के पहले दिन दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 200 रुपये की बढ़त के साथ 32,470 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया. मांग बढ़ने से सोने की कीमतों में तेजी आई. औद्योगिक इकाइयों तथा सिक्का विनिर्माताओं की मांग बढ़ने से चांदी भी 150 रुपये की बढ़त के साथ 39,250 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई. सर्राफा कारोबारियों ने कहा कि मांग बढ़ने से बहुमूल्य धातुओं में तेजी आई. वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में सोना 1,282.17 डॉलर प्रति औंस तथा चांदी 15.44 डॉलर प्रति औंस पर चल रही थी.



# भारत ने 13 खिलाड़ी सिडनी टेस्ट के लिए चुने

सिडनी। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एसीजी) पर मौजूदा सीरीज का चौथा टेस्ट गुरुवार से खेला जाएगा. इससे एक दिन पहले भारत ने अपने 13 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है. इस बीच खबरों में बताया गया था कि रविचंद्रन अश्विन फिटनेस टेस्ट में फेल रहे हैं, लेकिन उनका नाम भी सिडनी टेस्ट के संभावितों में है. अब बताया गया है कि टेस्ट की सुबह अश्विन की उपलब्धता पर निर्णय लिया जाएगा. भारत ने मेलबर्न टेस्ट जीतकर सीरीज में 2-1 से अपराजेय बढ़ते बनाई है. अब टीम इंडिया के सामने ऑस्ट्रेलिया में सीरीज जीतने का पहला मौका है. विराट कोहली (कप्तान), अजिंक्य रहाणे (उपकप्तान), केएल राहुल, मयंक अग्रवाल, चेतेश्वर पुजारा, हनुमा विहारी, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, आर. अश्विन, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, उमेश यादव।

## आज का राशिफल

मेषः आज नए साल के पहले दिन बाहर घूमन-फिरने और शानदार भोजन मिलने का योग है। व्यापारियों को लाभ और सफलता मिलेगी। प्रवास, आर्थिक लाभ और वाहन सुख का योग है।

वृषभः आज का दिन शुभ है। कार्य सफलतापूर्वक पूरे होंगे। आर्थिक लाभ होगा। ननिहाल पक्ष से शुभ समाचार मिलेंगे। बीमारी में राहत होगी। नौकरी में लाभ होगा।

मिथुनः आज संतान और जीवनसाथी के स्वास्थ्य के संबंध में चिंता होगी। वाद-विवाद में न पड़ें। आत्म सम्मान को ठेस पहुंच सकती है। पेट संबंधी बीमारियों की आशंका है।

कर्कः शरीर में आलस्य या अस्वस्थता हो सकती है। मनमुटाव और तकरार की आशंका है। सार्वजनिक रूप से मानहानि होने से दुःख का अनुभव करेंगे। समय से भोजन नहीं मिलेगा।

सिंहः कार्य सफलता और प्रतिस्पर्द्धियों पर विजय मिलेगी। मन प्रसन्न रहेगा। भाई- बहनों के साथ कोई आयोजन करेंगे। स्वास्थ्य बना रहेगा। प्रियजनों की मुलाकात से खुशी होगी।

कन्याः परिवार में आज आनंद का वातावरण रहेगा। वाणी की मधुरता और न्यायप्रिय व्यवहार से आप लोकप्रियता प्राप्त करेंगे। आर्थिक लाभ होंगे। विद्यार्थियों के लिए अनुकूल समय है।

तुलाः आज आपको कार्यक्षेत्र में सुनहरा अवसर प्राप्त हो सकता है। आपकी रचनात्मक और कलात्मक शक्ति अधिक निखरेगी। आर्थिक लाभ होगा। वाहन सुख की प्राप्ति होगी।

वृश्चिकः आनंद-प्रमोद, मनोरंजन के पीछे धन व्यय होगा। दुर्घटना से संभलकर रहें। स्वभाव में कुछ उग्रता रहेगी, इसलिए झगड़े से दूर रहें। मानहानि या धनहानि की आशंका है।

धनुः आज का दिन लाभदायी है ऐसा गणेशजी कहते हैं। जीवन का संपूर्ण आनंद आप प्राप्त कर पाएंगे। प्रेम की सुखद अनुभूति होगी। मित्रों के साथ किसी रमणीय स्थल पर घूमने जा सकते हैं।

मकरः व्यापार-धंधे के लिए आज का दिन शुभ है। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी या नौकरी में उच्च पदाधिकारियों द्वारा आपके काम की प्रशंसा होगी। पदोन्नति के योग की संभावना है।

कुंभः आज आपको बेचैनी, थकान और ऊबन रहेगी। काम करने का उत्साह नहीं रहेगा। ऑफिस और काम-काज की जगह पर बॉस की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है। लंबी यात्रा होगी।

मीनः स्वास्थ्य के संबंध में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। बीमारी के पीछे खर्च करना पड़ सकता है। कामकाज में भी कुछ परेशानी हो सकती है। संभलकर बोलें।

# 3 जनवरी को हैं गुरु प्रदोष व्रत, इस विधि से करे पूजा

हर महीने के दोनों पक्षों की त्रयोदशी तिथि को प्रदोष का व्रत रक्खा जाता है. इस दिन भगवान शिव की पूजा की जाती है और उनकी कृपा से तमाम मनोकामनाओं की पूर्ति होती है. अलग अलग दिन पड़ने वाले प्रदोष की महिमा अलग अलग होती है. बृहस्पतिवार के दिन पड़ने वाले प्रदोष को गुरु प्रदोष कहते हैं. यह पौष मास का गुरु प्रदोष है, अतः इसका महत्व और भी ज्यादा है. इस बार गुरु प्रदोष 03 जनवरी को आ रहा है.



**क्या है गुरु प्रदोष व्रत की महिमा?**

-गुरु प्रदोष व्रत रखने से मनचाही इच्छा पूरी होती है.

- इसके अलावा संतान सम्बन्धी किसी भी मनोकामना की पूर्ति इस दिन की जा सकती है.

- गुरु प्रदोष व्रत रखने से शत्रु और विरोधी शांत होते हैं, मुकदमों और विवादों में विजय मिलती है.

गुरु प्रदोष की व्रत और पूजा विधि क्या है?

- इस दिन प्रातः काल स्नान करके श्वेत वस्त्र धारण करें .

- इसके बाद शिव जी को जल और बेल पत्र अर्पित करें .

- उनको सफ़ेद वस्तु का भोग लगायें.

- शिव मंत्र? नमः शिवाय का जाप करें.

- रात्रि के समय भी शिव जी के समक्ष घी का दीपक जलाकर शिव मंत्र जप करें.

- रात्रि के समय आठ दिशाओं में आठ दीपक जलाएँ

- इस दिन जलाहार और फलाहार ग्रहण करना उत्तम होगा .

- नमक और अनाज का सेवन न करें

शत्रु और विरोधियों को शांत करने के लिए इस दिन क्या उपाय करें?

- प्रदोष काल में भगवान शिव की उपासना करें

- शिव जी को पीले फूल अर्पित करें

- नमो भगवते रुद्राय मंत्र का 11 माला जप करें

- शत्रु और विरोधियों के शांत हो जाने की प्रार्थना करें.

# टिम पेन बोले-सीरीज हारने पर नहीं सोच रहे, अच्छे प्रदर्शन पर हैं ध्यान

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया टीम पर अपने ही मैदान पर भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज हारने का खतरा मंडरा रहा है. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार टेस्ट मैच की सीरीज का आखिरी मुकाबला गुरुवार, 3 जनवरी से सिडनी में खेला जाना है. इस मैच में को ड्रॉ कराने की स्थिति में ही विराट कोहली की टीम 2-1 के अंतर से सीरीज पर कब्जा जमा लेगी. ऑस्ट्रेलिया के कप्तान टिम पेन ने कहा है कि उनकी टीम भारत के खिलाफ पहली बार घरेलू टेस्ट सीरीज गंवाने की आशंका से परेशान नहीं है, हमारा ध्यान सिडनी में भारत को कड़ा मुकाबला देने पर है. गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर भारत कभी टेस्ट सीरीज नहीं जीत पाया है लेकिन मौजूदा सीरीज में मेहमान टीम 2-1 से आगे है और इतिहास रचने के लिए सिडनी टेस्ट में उसे सिर्फ ड्रॉ की दरकार है.




पेन ने चौथे टेस्ट की पूर्व संध्या पर कहा, 'मेरा ध्यान इस बात पर है कि हम प्रदर्शन में सुधार करें और अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलें. हम जिस भी टेस्ट में खेलें, उसे जीतना चाहते हैं. कभी-कभी ऐसा करना संभव नहीं होता.

# पीबीएल-4 पीवी सिंधु का नए साल का शानदार आगाज, नेहवाल को हराया

नई दिल्ली। ओलंपिक रजत मेडल विजेता पीवी सिंधु की अगुवाई में हैदराबाद हंटर्स टीम ने मंगलवार को छत्रपति शिवाजी स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स स्टेडियम में खेले गए वोडाफोन प्रीमियर बैडमिंटन लीग (पीबीएल) मुकाबले में नार्थ ईस्टर्न वॉरियर्स को 4-0 से हरा दिया. सिंधु ने इस मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी तथा लंदन ओलम्पिक में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली वॉरियर्स टीम की आईकन खिलाड़ी सायना नेहवाल को हराया जबकि ली ह्यून इल ने हंटर्स के लिए ट्रम्प मैच जीता. इसके अलावा मार्क कालोउ ने उसके लिए पुरुष एकल मैच जीता और उससे पहले किम सा रांग और इयोम ह्यो योम ने मिश्रित युगल मैच जीता.

## ब्रैड पैटीज़ बनाने की विधि



ब्रेड पेटिस खाना सभी को पसंद होता है. ब्रेड पेटिस को बनाने के लिए आलू और मसालों का इस्तेमाल किया जाता है. अगर आप इसे सुबह के नाश्ते में खाते हैं, तो इससे आपके नाश्ते का मजा दोगुना हो सकता है.

सामग्रीः-

तेल- 1/2 टेबलस्पून,
सरसों के बीज- 1/2 टीस्पून,
सफेद उड़द दाल- 1 टीस्पून,
जीरा- 1/2 टीस्पून,
अदरक- 1 टीस्पून
हरी मिर्च- 2 टीस्पून,
करी पत्ते- 7,
हींग- 1/4 टीस्पून,
हल्दी- 1/4 टीस्पून
आलू (उबले और मैश किए हुए)- 260 ग्राम
चाट मसाला- 1/2 टीस्पून,नमक- 1 टीस्पून
बेसन- 180 ग्राम,चावल का आटा- 1 1/2 टेबलस्पून
अजवाइन- 1/2 टीस्पून,
हल्दी- 1/4 टीस्पून,नमक- 1/2 टीस्पून
पानी- 250 मि.ली.,ब्रेड स्लाइस
तेल- तलने के लिए

विधिः-

1- ब्रेड पेटिस बनाने के लिए सबसे पहले एक पैन में आधा चम्मच तेल डालकर गर्म करें, तेल गर्म हो जाने पर इसमें आधा चम्मच सरसों के बीज, एक चम्मच सफेद उड़द दाल, आधा चम्मच जीरा डालकर फ्राई करें.

2- अब इसमें एक चम्मच अदरक, 2 चम्मच हरी मिर्च, आधा चम्मच चम्मच हल्दी डालकर अच्छे से मिलाएं. अब एक कटोरे में 260 ग्राम मैश किए हुए आलू ले लें. और इसमें आधा चम्मच चाट मसाला, एक चम्मच नमक और तैयार किया हुआ मिश्रण डालकर अच्छे से मिलाएं.

3- अब एक कटोरे में 180 ग्राम बेसन ले लें, और इसमें एक चम्मच चावल का आटा, आधा चम्मच अजवायन, आधा चम्मच हल्दी, आधा चम्मच नमक, 250 मिलीलीटर पानी डालकर घोल बना ले.

4- अब एक ब्रेड स्लाइस को लेकर उसमें आलू का मिश्रण लगाएं, और चार हिस्सों में काट लें. ब्रेड स्लाइस को तैयार किए हुए बेसन के घोल में डुबाएं, और गर्म तेल में गोल्डन होने तक तल लीजिए.

5- लीजिये आपकी ब्रेड पेटिस बनकर तैयार है अब इसे गर्मागर्म सॉस के साथ सर्व करें.

## शब्द सामर्थ्य-36

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | | 8 | ■ | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| ■ | 15 | | ■ | ■ | ■ | 16 | | ■ |
| ■ | | ■ | 17 | ■ | ■ | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | 21 | | 22 | ■ | 23 | | |
| 24 | ■ | | ■ | 25 | | | ■ | |
| ■ | 26 | | | | ■ | ■ | 27 | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 35 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | ■ | ■ | स |
| ट | ■ | भ | ला | ई | ■ | अ | स | म |
| ना | म | ■ | ■ | स | मा | धि | ■ | झ |
| ■ | ज | ■ | बे | ■ | न | का | र | ना |
| बा | बू | ■ | आ | य | क | र | ■ | ■ |
| ■ | र | की | ब | ■ | ■ | ■ | प्र | था |
| ज | ■ | ■ | रू | प | क | ■ | ज | न |
| हा | ■ | पा | ■ | ना | म | ची | न | ■ |
| ज | हां | प | ना | ह | ■ | ता | न | ना |

## सू-दोकू-36

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 35 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |